STOP COVID-19 कृपया चाइल्ड केयर में प्रवेश करने से पहले पूरा करें।

नाम: _____ दिनांक: _____ समय: _____

1. क्या विद्यार्थी में निम्नलिखित में से कोई नए या खराब होते लक्षण है?*

हाँ ☐ नही ☐
बुखार > 37.8˚C

हाँ ☐ नही ☐
खाँसी

हाँ ☐ नही ☐
सांस लेने में परेशानी

हाँ ☐ नही ☐
स्वाद या गंध का पता न चलना

हाँ ☐ नही ☐ 
गले में खराश या निगलने में दर्द होना

हाँ ☐ नही ☐
बंद या बहती नाक

हाँ ☐ नही ☐
सरदर्द

हाँ ☐ नही ☐
मतली, उल्टी या दस्त

हाँ ☐ नही ☐
गले में खराश या निगलने में दर्द होना

यदि किसी भी लक्षण के लिए जवाब "हाँ" है तो:

घर पर रहें और सेल्फ़-आइसोलेट रहें

+

परीक्षण करवाएँ

या

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें

2. क्या आपके घर में किसी को उपरोक्त लक्षणों में से एक या अधिक लक्षण हैं? ☐ हाँ ☐ नही

3. क्या आपके घर के सदस्यों में से किसी ने पिछले 14 दिनों में कनाडा के बाहर यात्रा की है? ☐ हाँ ☐ नही

4. क्या आपके घर में किसी को कोविड-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के करीबी संपर्क के रूप में सूचित किया गया है? ☐ हाँ ☐ नही

यदि प्रश्न 2, 3 या 4 का जवाब "हाँ" है तो:

घर पर रहें

+

टोरंटो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सलाह का पालन करें

*जिन बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा पहचानी गई मौजूदा स्वास्थ्य समस्या है जिससे उनमे लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें हाँ में जवाब नहीं देना चाहिए, जब तक कि लक्षण नया, अलग या और भी खराब न हो रहा हो। अपने बच्चे के सामान्य लक्षणों में बदलाव की निगरानी करें।

मेरे बच्चे को कोविड-19 के 1 या अधिक लक्षण हैं।
मुझे क्या करना चाहिए?

क्या आपका बच्चा किसी ऐसे व्यक्ति के निकट संपर्क में था जिसका कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव था?

हाँ

- घर के सदस्यों सहित सभी को घर में रहना चाहिए और सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए। अपने बच्चे का परीक्षण करवाएँ।
- पॉज़िटिव होने पर, अपने बच्चे के चाइल्ड केयर को पॉज़िटिव परिणाम के बारे में सूचित करें। टोरंटो सार्वजनिक स्वास्थ्य आगे के निर्देशों के साथ फ़ॉलो अप करेगा।
- निगेटिव होने पर भी बच्चे को जो व्यक्ति पॉज़िटिव था उससे अंतिम संपर्क से 14 दिनों तक सेल्फ़-आइसोलेट रहना होगा। जब तक कि निकट संपर्क रखने वाला व्यक्ति सेल्फ़-आइसोलेट की अवधि पूर्ण न कर ले तब तक घर के हर बच्चे को चाइल्ड केयर से सेल्फ़-आइसोलेट रहना चाहिए।
- यदि आपके बच्चे का परीक्षण नहीं किया गया है, तो उन्हें 10 दिनों के लिए सेल्फ़-आइसोलेट रहना आवश्यक है। घर के सदस्यों को भी 14 दिनों तक घर में रहना और सेल्फ़-आइसोलेट रहना होगा।

नहीं

- अपने बच्चे के चाइल्ड केयर को सूचित करें कि उनमे लक्षण हैं।
- आपके बच्चे को घर में रहना चाहिए, सेल्फ़-आइसोलेट और परीक्षण करवाना चाहिए।
- चाइल्ड केयर सेटिंग में शामिल होने वाले किसी घरेलू सदस्य को परीक्षण के निगेटिव होने तक घर पर रहना और सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए।

आपके बच्चे के कोविड-19 परीक्षण का परिणाम क्या था?

पॉज़िटिव

- अपने बच्चे के चाइल्ड केयर को बताएँ कि उनका कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है।
- आपके बच्चे को लक्षण दिखने के दिन से 10 दिनों तक घर पर रहना और सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए।
- घरेलू सदस्यों और करीबी संपर्कों को भी कम से कम 14 दिनों के लिए सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए।
- टोरंटो सार्वजनिक स्वास्थ्य एक जाँच करने के लिए आपसे संपर्क करेगा और आगे के निर्देश प्रदान करेगा।

निगेटिव

- आपके बच्चे के लक्षणों में सुधार शुरू होने के 24 घंटे बाद वे चाइल्ड केयर जा सकते हैं।
- चाइल्ड केयर सेटिंग में शामिल होने वाले भाई-बहन और वयस्क चाइल्ड केयर में तुरंत जा सकते हैं, यदि घर के किसी अन्य सदस्य में लक्षण न हो या कोई पॉज़िटिव केस का करीबी संपर्क न हो।

परीक्षण नहीं हुआ

- आपके बच्चे को लक्षण दिखने के दिन से 10 दिनों तक घर पर रहना और सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए।
- 10 दिनों के बाद, यदि उनके लक्षणों में सुधार हो रहा है, तो वे चाइल्ड केयर जा सकते हैं।
- चाइल्ड केयर सेटिंग में शामिल होने वाले किसी भी घरेलू सदस्य को 14 दिनों तक घर में रहना होगा।
- यदि स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता ने ऐसी स्थिति की पहचान की है जो कोविड-19 से संबंधित नहीं है, तो आपके बच्चे के लक्षणों में सुधार होने के 24 घंटे बाद वे चाइल्ड केयर जा सकते हैं। घर के बाकी सदस्य चाइल्डकेयर जा सकते हैं।

यदि आपके घर के किसी सदस्य ने पिछले 14 दिनों में कनाडा से बाहर यात्रा की है, तो यात्रा करने वाले व्यक्ति को 14 दिनों के लिए सेल्फ़-आइसोलेट होना आवश्यक है। यात्रा करनेवाले व्यक्ति के 14 दिनों की क्वॉरन्टीन अवधि पूर्ण करने तक घर के सभी सदस्यों को चाइल्ड केयर से दूर घर में रहना होगा। यदि अत्यावश्यक कार्य (जैसे ट्रक चालक, पायलट) करनेवाले किसी व्यक्ति को यात्रा क्वॉरन्टीन से छूट दी गई हैं तो घर के बाकी सदस्य चाइल्ड केयर जा सकते हैं।